कल खुलेगा उज्जीवन फाइनेंस का आइपीओ

जागरण संवाददाता, कोलकाता : गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी उज्जीवन फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड का आइपीओ 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य के 207 रुपये से 210 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के मूल्य बंद के साथ 28 अप्रैल, 2016 को खुल रहा है और 02 मई, 2016 को बंद हो रहा है। इस सिलसिले में कंपनी के प्रबंध निदेशक व सीईओ समित घोष ने मंगलवार को कोलकाता में कहा कि इस आइपीओ में कंपनी द्वारा जारी किये गए कुल 35,816.1 लाख रुपये तक के नए इक्विटी शेयर हैं और एलेवर, एफएमओ, आइएफसी, आइएफआइएफ, एमयूसी, सर्वा कैपिटल, डब्ल्यूसीपी और डब्ल्यूडब्ल्यूबी द्वारा 24,968,332 तक इक्विटी शेयरों के विक्रय का प्रस्ताव है।

यह प्रस्ताव बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें प्रस्ताव का 50 फीसद योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए एक आनुपातिक आधार पर आवंटित किया जाएगा। कंपनी का नए निर्गम की शुद्ध आय का उपयोग अपना पूंजी आधार बढ़ाने के लिए करने का प्रस्ताव है। कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड,

जानकारी देते कंपनी के प्रबंध निदेशक व सीईओ समित घोष।

आइसीआइसीआइ सिक्योरिटीज लिमिटेड और आईआईएफएल होल्डिंग्स लिमिटेड, प्रस्ताव के बीआरएलऐम्स हैं, जबकि कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड प्रस्ताव का रजिस्ट्रार है। कंपनी के इक्विटी शेयरों को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। इस मौके पर कंपनी के प्रमुख-रणनीति रजत सिंह, सीओओ -पूर्व अभिरूप चटर्जी समेत अन्य उपस्थित थे।